अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27

इतिहास

कक्षा—11

समय : 3 घण्टा 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश—

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

(iii) प्रश्न-पत्र में कुल पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ख' में 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'घ' में 3 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों तथा मानचित्र से सम्बन्धित 2 प्रश्न हैं।

(iv) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

खण्ड 'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. 'मेसोस' का अर्थ क्या है ?

(i) नदी (iii) समुद्र

(ii) मध्य (iv) इनमें से कोई नहीं

2. मेसोपोटामिया के लोग अपने देवता को अर्पित करते थे ?

(i) मछली (iii) अन्न

(ii) दही (iv) इनमें से सभी

3. मेसोपोटामिया के इतिहास का उपलब्ध स्रोत है–

UPBoardHub

(i) लिखित दस्तावेज (iii) कब्रें
(ii) मुद्राएँ (iv) इनमें से सभी

4. बलात् भर्तियाँ वाली सेना किस देश की थी ?

(i) चीन की (iii) रोम की
(ii) मारी राज्य की (iv) फारस की

5. रोम के शासक ऑगस्टस का शासन काल जाना जाता था–

(i) शान्ति के लिए (iii) गृह युद्ध के लिए
(ii) युद्धों के लिए (iv) इनमें से कोई नहीं

6. ईरान में सार्वजनिक स्नान का विरोध किया–

(i) पुरोहित वर्ग ने (iii) स्त्रियों ने
(ii) शासक वर्ग ने (iv) सैनिक वर्ग ने

7. चंगेज खान का प्रारम्भिक नाम था–

(i) ये-लू-चिन (iii) तैमुजिन
(ii) बूरोर (iv) कुवल्ई खान

8. मंगोल साम्राज्य की संरचना में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई–

(i) डुलुस ने (iii) तामा ने
(ii) यास ने (iv) मार्कोपोलो ने

9. रोमन साम्राज्य का पतन हुआ–

(i) 476 ई. में (iii) 814 ई. में
(ii) 527 ई. में (iv) 1453 ई. में

UPBoardHub

10. पोप कहाँ रहता था–

(i) ल□□□ (iii) रोम

(ii) पेरिस (iv) काहिरा

खण्ड 'ख' (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. मेसोपोटामिया में कौन-सी सभ्यताएँ फली-फूलों ? 2

12. जिगुरात क्या होते हैं ? 2

13. रोमन साम्राज्य का प्रथम सम्राट कौन था ? 2

14. यायावार का अर्थ समझाइए। 2

15. मेनार के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए। 2

खण्ड 'ग' (लघु उत्तरीय प्रश्न)

16. मारीनगर के पशुचारकों तथा किसानों के बीच झगड़ों के क्या कारण थे ? 5

17. मेसोपोटामिया के समाज में कितने वर्ग थे ? तथा उनके व्यापार पर प्रकाश डालिए। 5

18. रोमन साम्राज्य के तीन प्रमुख खिलाड़ियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

19. किस राज्य को रोमन साम्राज्य का हृदय कहा जाता है ? 5

20. यास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

21. समर्पण समारोह की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए। 5

खण्ड 'घ' (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

UPBoardHub

22. मेसोपोटामिया शहरीकरण में मन्दिरों का महत्व बताइए। 10

अथवा

मेसोपोटामिया की विश्व सभ्यता को क्या देन है ?

23. रोमन साम्राज्य की राजनीतिक व्यवस्था पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 10

अथवा

रोमन साम्राज्य के आर्थिक विस्तार पर प्रकाश डालिए।

24. चंगेज खान की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

सामंतवाद क्या है ? इसके राजनीतिक तथा आर्थिक परिणाम लिखिए।

खण्ड 'ङ' (ऐतिहासिक तिथियाँ एवं मानचित्र)

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए– $1 \times 10 = 10$

(i) 331 ई. पू.
(ii) 44 ई. पू.
(iii) 1227 ई.
(iv) 1572 ई.
(v) 1850 ई.
(vi) 476 ई.
(vii) 1368 ई.
(viii) 130 ई.
(ix) 79 ई.
(x) 1921 ई.

26. दिए गए भारत के मानचित्र पर (•) चिह्न द्वारा नाम सहित अंकित कीजिए–

(क) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। $1 + 1$

(ख) वह स्थान जो गुप्त साम्राज्य की राजधानी है। $1 + 1$

(ग) वह स्थान जहाँ काले रंग की चूड़ियाँ प्राप्त हुई थीं। $1 + 1$

(घ) वह स्थान जहाँ सबसे पहले चावल का उत्पादन हुआ था। $1+1$

(ङ) वह स्थान जहाँ गंगा और यमुना का संगम होता है। $1+1$

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर
10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं